राम संदेश

भक्ति, ज्ञान एवं कर्मयोग की आध्यात्मिक पत्रिका

वर्ष 69 | अप्रैल-जून 2021 | अंक 1

रामाश्रम सत्संग (रजि.), ग़ाज़ियाबाद

विषय सूची

क्रमांक		पृष्ठ
1.	कबीर साहब	1
2.	आत्मिक स्वरुप के दर्शन	2
3.	आध्यात्मिक शिक्षा का तरीका	6
4.	अभ्यास में मन न लगने के कारण और उपाय	9
5.	पर दोष दर्शन मत करो, मत सुनो	12
6.	श्रद्धांजलि परमसंत डॉ. शक्ति कुमार सक्सेना जी को	14
7.	गृहस्थ आश्रम की महिमा	17
8.	ध्यान (सूफ़ी कहानी)	19
9.	The Ego and the Dualities	22
10.	Wonders of Ultimate Reality and Misconceptions about Yoga	25

राम संदेश

वर्ष 69 अप्रैल-जून 2021 अंक-1



संस्थापक : ब्रह्मलीन परमसंत डॉ. श्रीकृष्ण लाल जी महाराज
संरक्षक : ब्रह्मलीन परमसंत डॉ. करतार सिंह जी साहब
ब्रह्मलीन परमसंत डॉ. शक्ति कुमार सक्सेना जी
सम्पादक : श्री उमा कान्त प्रसाद (आचार्य एवं अध्यक्ष)

कबीर साहब

पानी बिच मीन पियासी मोहि सुनि सुनि आवत हाँसी।
घर में वसत धरीं नहिं सूझै, बाहर खोजन जासी ।

जल थल सागर खूब नहावे, भटकत फिरे उदासी।
है हाजिर तेहि दूर बतावें, दूर की बात निरासी।

मृग की नाभि माँहि कस्तूरी, बन-बन फिरत उदासी।
आतमग्यान बिना सब सूना, क्या काबा क्या कासी।

जल-बिच कमल कमल बिच कलियाँ तांपर भँवर निवासी।
कहत कबीर, सुनौ भाई साधो, सहज मिले अविनासी।

परमसंत महात्मा रामचन्द्र जी महाराज.....

आत्मिक स्वरुप के दर्शन

आत्मा या रूह जिसका वर्णन बार–बार आया है, इस सृष्टि में सबसे अनोखी चीज है। यही सबसे महान एवं सार सत्य है। यह उस सूर्य की किरण या उस समुद्र की एक बूँद है जिससे हम अलग नहीं हैं और वही आत्मा का भंडार है–वही जीवन का केंद्र एवं स्रोत है और इसी केंद्र से विलग अथवा दूर हो जाना ही वास्तव में हमारे दुखों का कारण होता है।

आत्मा के ऊपर से आवरण उतारने और सुरत शब्द के अभ्यास से आशय यह है कि हृदय में इस केंद्र का इष्ट बांध कर अर्थात् उस आदर्श को हृदय में स्थित करके संत सद्गुरु से भेद (यानी अभ्यास का तरीका) मालूम करके इसके खोज की चेष्टा की जाये। यदि किसी तरह तुम्हारे अन्तःकरण में यह भाव पैदा हो जाये कि सत्पुरुष मालिक हमारा केंद्र है और हम उससे निकले हैं तो तुम में प्रेम के भाव प्रस्फुटित होकर तुम्हें विशेष प्रकार की अवस्था प्रदान करेंगे, जिससे स्वतः ही आत्मा तथा माया आदि की समझ आती जाएगी।

यह केंद्र पूर्णतः आत्मिक है और शुद्ध चेतन है। इसमें नाम मात्र को भी काल और माया नहीं है। ज्यों–ज्यों तुम्हारे आवरण उतरते जायेंगे और आत्मिक प्रकाश की अनुभूति का अवसर मिलता जायेगा, वैसे ही वैसे इसी जन्म में प्रेम प्राप्त होता जायेगा। जिन लोगों में अब तक आध्यात्मिकता जागृत नहीं हुई है, वे इस केंद्र से बहुत दूर हैं। जिनके आवरण उतर गए हैं वे अपेक्षाकृत उससे अधिक निकट हैं।

जितना उस केंद्र से बिलगाव औरदूरी होती जाएगी उतने हीआत्म–पथ पर माया के आवरण पड़ते जायेंगे और जितना अधिक केंद्र से निकट आते जायेंगे उतनी ही आत्मिक आनंद की अनुभूति बढ़ती जाएगी।

नीचे स्थूल मंडल है और ऊपर सूक्ष्मता तथा पवित्रता की स्थितियां हैं। मनुष्य मध्यावस्था में माया के मंडल में है। आज हमारी–तुम्हारी कुछ भी अवस्था हो परन्तु चूंकि हम उसके अंश हैं, हमारे लिए कभी मृत्यु नहीं है और न ही हम जीवन की देन से वंचित हो सकते हैं। हमें जो कुछ दुखों की अनुभूति है वह इन सब माया के आवरणों के कारण है और जैसे ही ये आवरण हटे हमको अपने असल रूप की

समझ आयी, तब हम सुखी हो जायेंगे और उस समय हमारे सुख की कोई सीमा नहीं रहेगी। तब पूर्ण ज्ञान एवं शक्ति का केंद्र दृष्टिगोचर होता है। जो जितना इस केंद्र के निकट पहुंचेगा, वह उसी ढंग से शक्शिाली और ज्ञानी होता जायेगा। यह एक सच्चाई है जो हर अभ्यासी को अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।

सुरत या आत्मा की दिव्यता और कार्यकलाप की महत्तास भी संसार मानता है। इंसान बुद्धि का पुतला कहा जाता है। वह जिस ओर भी ध्यान करता है, उसी ओर आश्चर्यजनक परिणाम पैदा कर के दिखलाया करता है। हर मामले में केवल उसे ध्यान देने की देर है, फिर क्या है जो वह नहीं कर सकता? इस ध्यान शक्ति के ऊपर अधिकार पाने पर आकाशमंडल की छिपी हुईं बिजली जैसी शक्तियां उसके संकेत पर काम करने को तैयार रहती हैं। इस स्थूल माया के मंडल में रहकर भी वह जब कभी मन को कार्य विशेष की ओर एकाग्र करता है तो कमाल कर दिखाता है–क्या इसमें कोई आश्चर्य है? फिर मनुष्य की हस्तकलाएं, उसके विचारों की ऊंची उड़ान तथा उसकी बुद्धि की खोज के तमाशे सभी तो इसके साक्षी हैं। उसमें हर बात को कर दिखाने की संभावित क्षमता है।

जब यह हाल आत्मा का है, जिसकी उपमा समुन्द्र की बूँद से दी गयी है, तो समझना चाहिए कि उस समुन्द्र की शक्ति और ज्ञान की भला क्या सीमा होगी? यह विचार करते ही बुद्धि चक्कर खाने लगती है अथवा आश्चर्यचकित हो जाती है। वह ज्ञान का, आनंद का और असल सत्ता का भण्डार है। इस संसार में जो कुछ प्रकृति का कार्य–कौशल तथा सौंदर्य दृष्टिगोचर हो रहा है वह आकस्मिक मात्र नहीं है, बल्कि वह किसी दिव्यता और प्रकृति की पूर्ण सामर्थ्य एवं सम्पन्नता की झलक प्रस्तुत करता है और परमात्मा की सत्ता का प्रमाण है। यदि किसी प्रकार यह बूँद उसी समुन्द्र में प्रविष्ट हो जाये तो फिर इसके आनंद, शक्ति और ज्ञान का क्या ठिकाना?

हमने सुख के प्रकार तथा सुख के मंडलों और उनके साधान वर्णन कर दिए हैं। इन सब का असल उद्देश्य यह है कि मनुष्य उस सुख के भण्डार की ओर प्रवृत्त हो सके, वरना फिर इसके बीच की अवस्थाओं में भटकाव होने का भय है। सुख के भण्डार की ओर वापस चलने के साधन कठिन नहीं हैं। इन्हें स्त्री–पुरुष, युवा–वृद्ध सब कर सकते हैं। इसके लिए यह बिलकुल आवश्यक नहीं है कि मनुष्य अपने जीवन के काम–काज आदि छोड़ दे, बल्कि आवश्यकता यह है कि आसानी से

जीवन निर्वाह करते हुए सुरत शब्द का अभ्यास करता रहे। जो मनुष्य प्रसन्न रहता है वह परमात्मा की पूजा व उससे प्रेम बहुत आसानी से कर सकता है।

मालिक को प्रसन्न करने की कोशिश करना चाहिए और सारी बातें उसी की इच्छा के अधीन समझना चाहिए। 'तेरी इच्छा पूर्ण हो' – यह महामंत्र हर भक्त और प्रेमी की जिह्वा पर रहना चाहिए. जो इस पर चलने वाले हैं, वे मालिक के किसी काम में दोष नहीं देखते और सदा उसकी याद में प्रसन्न रहने की आदत सीखते हैं। संतों का साधन प्रेम मार्ग है। प्रेमी उस मालिक के बन्दों में अच्छाई देखने का इच्छुक रहता है और बुराई की ओर से अपनी आँखें बंद कर लेता है। विशाल हृदयता, विमलबुद्धि, इच्छा शक्ति और साहस आदि प्रभावों को हृदयंगम करने वाला किसी से घृणा नहीं करता और न दूसरों की शिकायत अपनी जिह्वा पर लाता है। उसको हर काम में 'मालिक की मौज' दिखाई देती है। उसको शान्ति बाह्य ही नहीं बल्कि आंतरिक अनुभूति में होती है। वह बहिर्मुखी साधन नहीं बल्कि अंतर्मुखी साधन करता है। उसको हर जगह मालिक के प्रेम का प्रकाश दृष्टिगोचर होता है। उसे मालिक के प्रेम और दया के अतिरिक्त और कुछ नहीं दिखाई देता और वह उस मालिक की मौज को सदा दृष्टि में रखते हुए किसी भी दु:ख–सुख की परिस्थिति में मगन और संतुष्ट रहता है।

जो मनुष्य इस केंद्र की ओरचित्त की वृत्ति को लगाता है वह सिवाय मालिक के और किसी वस्तु को नहीं जानता– न ही वह किसी नाशवान वस्तु के लिए प्रार्थना करता है और न अपने प्रेम, भक्ति के बदले का कोई विचार करता है। वह जो प्रार्थना करता है वह भी इसी प्रसन्नता के कारण से करता है, इस भावना से नहीं कि इससे उसका भला होगा। इससे वह उस परमात्मा के समीप जाता है और इस प्रकार वह नित्य–प्रति उसकी समीपता पाता जायेगा। उसकोऔरक्याचाहिए ? कहा गया है कि परमात्मा को चाहने वाला 'सच्चा प्रेमी है' और संसार को चाहने वाला 'कपटी' है तथा परलोक चाहने वाला 'मजदूर' है क्योंकि वह भक्ति का बदला या मेहनताना चाहता है.

परमात्मा के प्रेमी का सांसारिक सुख पहुंचाने वालों अथवा ऐसे साधु भेषधारियों से कोई सम्बन्ध नहीं होता। भेषधारी की आशा होती है। प्रेमी के मनन का केंद्र परमात्मा (मालिके कुल) होता है। यह इन दोनों में बहुत बड़ा अन्तर है। भेषधारी ने जो स्वांग बनाया है, वह केवल धन्धों या संसार में भ्रमण करने

आदि सांसारिक उद्देश्यों के लिए है। प्रेमी भक्त अपने अंतर में शब्द का अभ्यास करता हुआ परमात्मा के दर्शन का इच्छुक होता है। उसका काम दिखावे का नहीं होता।

धर्म दिखाने की वस्तु नहीं है। धर्म, साधन, मार्ग, पंथ- ये सब शब्द परमार्थ-पथ के पर्यायवाची हैं. सुरत का उतार प्रथम शब्द के द्वारा हुआ और यह सुरत जहां-जहां उतरी, वहां मंडल बनाकर नीचे को आ गयी. ऊपर प्रकाश है और नीचे अंधकार है। सुरत तो शब्द की डोर को पकड़ कर ऊपर की ओर चलती है। इसकी गति उस मछली के समान है जो पानी की उलटी धार को पकड़ कर आगे बढ़ती जाती है। सुरत ऊपर की ओर शब्द की सहायता से एक स्थान (चक्र) पर पहुँचकर दूसरे स्थान पर जाने की इच्छुक होती है.

और फिर ऐसा ही अभ्यास करते रहने के बाद सुरत निज भंडार में प्रविष्ट हो जाती है, जो अलख है, अगम है, जिसके प्रकाश का अनुमान हजारों, लाखों, करोड़ों और अनगिनत सूर्य-चंद्र के प्रकाश से भी नहीं लगाया जा सकता। न वहां काल है, न धर्म है, न माया है, न स्थूलता है-आकाश के शब्द की संज्ञा भी वहां के लिए प्रयोग नहीं की जा सकती। वाणी और मन की वहां कोई जगह नहीं है। किसी अनुमान आदि की भी वहां पहुँच नहीं है। न वहां दिन है, न रात है, न इसका कोई नाम हैऔर न कोई निशान है।

जो आत्मा वहां तक पहुँच गयी वह फिर सदा के लिए मुक्त हो जाती है, फिर इसको कभी माया के आवरणों का, जन्म-मरण के चक्र का, भय नहीं रहता है। जो वहां पहुंचा वह काल के चक्र से छूट गया। वहअमर हो जाता है। जो आत्मा वहां स्थिति प्राप्त कर लेती है वह अनंत आनंद में मस्त होकर खुशी के गीत गाती हैं और इस अनुपम दशा को संत कबीर जैसी पूर्ण आत्माएं ही बता पाती हैं :

हम वासी उसके जहां, सत्तपुरुष की आन!
सुख-दुःख कोई व्यापे नहीं, सब दिन एक समान!!
कहना था सो कह चुका, अब कुछ कहा न जाय !
एक रहा दूजा मिटा, गया कबीर समाय !!

गुरुदेव परमसंत डॉ. श्रीकृष्ण लाल जी महाराज

आध्यात्मिक शिक्षा का तरीका

महात्मा श्रीकृष्ण लाल जी महाराज की आध्यात्मिक शिक्षा को हम दो भागों में बाँट सकते हैं। एक तो 'चक्रबंधन' या 'चक्रभेदन' और दूसरा 'प्रेम'।
मनुष्यों की देह में नीचे (गुदा का स्थान-मूलाधार चक्र) से लेकर उपर (ब्रह्मरन्ध-सिर की चोटी के स्थान तक छ्ङ्क चक्र होते हैं, छै चक्र गुदा से लेकर माथे तक हैं) क्रमशः गुदाचक्र, इन्द्रीचक्र, नाभीचक्र, हृदय चक्र, कण्ठचक्र, अज्ञाचक्र ।

उनमे से उपर के छै चक्र (सहस्रदलकँवल, त्रिकुटी, सुन्न, महासुन्न, भाँवरगुफा, सत खंड) दिमाग में होते हैंजहाँ ग्रे मैटर (grey matter) है। इस से उपर के छै चक्र (अलख, अगम, अनामी और (गुप्तचक्र) ब्राइट मैटर) bright matter) में हैं। जो ग्रे मैटर में हैं उनका सम्बन्ध ब्रह्माण्ड से है, वहां भी छै लोक हैं जिनको जगाना इससे सम्बन्ध रखता है।

अधिकतर संतों ने 18 चक्रों का हाल लिखा है किन्तु गुरुदेव ने 21 चक्रों का होना बताया है। तीन चक्र गुप्त हैं जो वर्णन में नहीं आ सकते हैं केवल अनुभव किये जा सकते हैं। किसी एक चक्र पर पहुंच कर ठहर जाना संतों का लक्ष्य नहीं होता इसलिए बराबर उपर उठते जाते हैं जब तक सब चक्रों को पार करके दयाल देश नहीं पहुंच जाते। दयाल देश संतों का देश है। सत्यलोक असली बैठक उस परमात्मा की है जो तमाम ज्ञान और आनंद का भंडार है। सब धर्मों ने और संतों ने इस बात को माना है कि 'जो पिण्डे सो ब्रह्माण्डे'। परमात्मा ने मनुष्य को अपने रूप पर बनाया और अपना अंश दिया इसलिए परमात्मा अंशी और मनुष्य अंश कहलाया। जो गुण परमात्मा में हैं वही अंश रूप में मनुष्य में हैं। मनुष्य शरीर (जो दृष्टिगोचर होता है) तीन शरीरों की मिलौनीहै। स्थूल, सूक्ष्म और कारण।

अन्य मतों में पहले मूलाधार (गुदा चक्र) को जागृत करने का अभ्यास कराते हैं। प्राणायाम और हठयोग की क्रियाओं से जब इस स्थान को जागृत कर लेते हैं

तब इन्द्रिय के स्थान पर आ जाते हैं वहाँ से भी प्राणायाम आदि यौगिक क्रियाओं से इसे और ऊपर उठा कर नाभी चक्र, हृदय चक्र, कण्ठ चक्र और उपर के चक्रों तक ले जाते हैं। यह क्रियाएं बड़ी कठिन है और इसमें समय बहुत लगता है और प्रत्येक व्यक्ति का शरीर भी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता।

संतों का तरीका इससे न्यारा है इनके यहां नीचे के तीन चक्र (गुदा, इन्द्रिय और नाभी) को छोड़ दिया जाता है। अभ्यास ज्यादातर हृदय चक्र या अज्ञा चक्र से शुरु करते हैं। इन चक्रों के साधने से नीचे के चक्र अपने आप जागृत हो जाते हैं और समय की भी बचत हो जाती है। गुरु के बताये अभ्यास के करने से ऊपर की चढ़ाइ करके जो गुरु कृपा और गुरु की मदद के बिना नहीं होती, सतपुरुष के धाम और इसके बाद संतों के धाम यानी दयाल देश तक पहुंच जाता है जहां से लौट कर फिर आवागमन के चक्र में नहीं पड़ता। गुरुदेव जिज्ञासु की पात्रता देख कर हृदय चक्र या अज्ञा चक्र से शुरु कराते थे (स्त्रियों को हृदय चक्र पर साधना की सख्त मनाही है)।

यह हुआ अभ्यास जो नीचे से ऊपर को किया जाता है। दूसरा है सत्संग। यह क्रिया उपर से नीचे की तरफ होती है। इसमें गुरु या सत्संग कराने वाला अपने ख्याल को परमात्मा के चरणों में लगाता है और वहां से ईश्वर की की कृपा जिसे सूफी 'फैज' कहते हैं, सिख भाई 'अमृत' कहते हैं, इसाई लोग 'ग्रेस' (grace) कहते है अपना-कर सत्संगियों पर अपनी इच्छा शक्ति से फैलाता है। इस तरह ऊपर से कृपा की धार को लेकर नीचे फैलता है जिसमें अभ्यासी यह ख्याल करता है की प्रकाश या आत्मा की धार ऊपर से आ रही है और हमारी चोटी के स्थान (Medulla Oblongata) पर उतरती हुई सारे शरीर में प्रवाहित हो रही है। उस धार में वह चार चीजों का आभास करता है- ज्ञान, प्रेम, प्रकश और आनंद।

संत सब पर अपनी कृपा की धार डालते रहते हैं। यदि अभ्यासी का ध्यान इधर लगा हुआ है, वह सचेत है और इस धार को ग्रहण कर रहा है तो अवश्य लाभ होगा।

हमारा असली रूप क्या है? हम आत्मा हैं, हम ईश्वर हैं। हमारे असली रूप पर मन और माया के पर्दे पड़ गए हैं जिससे वह छिप गया है। अभ्यास यह है

कि उन पर्दो को झीना (thin) करते चलो बादल जितने गहरे होंगे सूरज का प्रकाश उतना ही दबा हुआ होगा। यदि वे झीने होते जायेंगे तो सूरज का प्रकाश उतना ही साफ नजर अएगा। अपनी इन्द्रियों का दमन करो, मन की इच्छाओं को इतना झीना करो जिसके बिना काम न चले। तब देखोगे कि प्रकाश ही प्रकाश है।

गुरुदेव (महात्मा श्रीकृष्ण लाल जी महाराज) कहा करते थे कि अगर ईश्वर की याद कायम नहीं रहती है तो मौत को हमेशा सामने रखो कि न जाने किस वक्त आ जाये। यह एक ऐसा साधन है कि मौत के डर से ईश्वर का ख़्याल आता ही है। निरन्तर मौत का ख़्याल सामने रखने से भी ईश्वर के चिन्तन में बड़ी सहायता मिलती है।

प्रेम

संतो का तरीका युग–युग से प्रेम और भक्ति का है। महात्मा श्रीकृष्ण लाल जी महाराज की आध्यात्मिक शिक्षा का तरीका प्रेम का तरीका था। प्रेम के माध्यम से ही इन्होंने पूज्य लाला जी महाराज से आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त की और प्रेम के माध्यम से ही इन्होंने इसका प्रचार और प्रसार किया।

संत के मस्तिष्क में या हृदय में जो ईश्वर प्रेम है वह परस्पर प्रेम द्वारा ही शिष्य के मस्तिष्क में उतर जाता है। सूफी भाषा में यह 'इल्म सीना' है, 'इल्म सफीना' नहीं (आंतरिक विद्या है, मौखिक नहीं) मुख से नहीं कहा जाता, मन से मन में उतर जाता है।

इश्के मजाजी (वासना–युक्त प्रेम) और इश्के हकीकी (सच्चे मालिक या गुरु से प्रेम) में कोइ खास फर्क नहीं है सिर्फ ख्याल को मोड़ना है, नजरों को बदलना है ।

वे कहा करते थे 'गुरु' कहने में दूरी का भास होता है इसलिए कोई रिश्ता मान लेना चाहिए जैसे चाचा जी, बाबा जी, नाना जी, मांमा जी, भाई साहेब, इत्यादि ।

–''सवाने उमरी'' से साभार

गुरुदेव परमसंत डॉ. श्रीकृष्ण लाल जी महाराज

अभ्यास में मन न लगने के कारण और उपाय

बहुधा अभ्यासियों को यह कहते सुना गया है कि अभ्यास में मन कम लगता है। क्योंकि मन में तरह-तरह के विचार उठा करते हैं जो रोके से नहीं रुकते। जब मन किसी बात की गुनावन उठाने लगता है तब उसी में घुसता चला जाता है और बहुत देर के बाद यह होश आता है कि हम तो बैठे हैं आन्तरिक अभ्यास करने लेकिन सोच रहे हैं दुनियाँ की बातें। यह तो बहुत सा समय नष्ट हो गया। सन्तों का कहना है कि ऐसा इसलिये होता है कि मन अभी जैसा चाहिये वैसा साफ नहीं हुआ है क्योंकि उसमें अनेकों सांसारिक भोगों की इच्छायें भरी पड़ी हैं। अभ्यास में बैठ कर जब अपनी सुरत को ऊपर की ओर चढ़ाते हैं तो वे इच्छायें बाधक होती हैं। मन उन्हीं का अभ्यस्त है। सुरत की धार बजाय शब्द या प्रकाश को पकड़ने के मन की तरंगों में उलझ जाती है और उसका बहाव नीचे की ओर हो जाता है। इस प्रवाह में अभ्यासी ऐसा बहता है कि उसे खबर भी नहीं होती कि मैं क्या कर रहा हूँ।

इस ग्रन्थि को सुलझाने का उपाय सन्तों ने यह बताया है कि सत्संग चेत कर करें और सतगुरु के वचनों को ध्यानपूर्वक सुनें, उन्हें भली-भाँति सोचें और समझें अर्थात् उन पर मनन करें। अपने मन में से भोग विलास की बेकार की इच्छाओं को घटाता और निकालता जाये तथा सन्त सतगुरु के अथवा परमपिता परमेश्वर के चरणों में प्रीति और प्रतीत दिन रात बढ़ाता जाये। जैसे-जैसे अभ्यास में चाव बढ़ता जायेगा, उसमें उन्नति की इच्छा तीव्र होती जाएगी। जैसे-जैसे दर्शनों के प्राप्ति की लालसा प्रबल होती जायेगी और संसार के भोगों की ओर से मन सिमटने लगेगा वैसे-वैसे मन और सुरत शुद्ध होने लगेंगे। जब अभ्यास के समय माया और काल अभ्यासी के मन और सुरत को भोगों का लालच देकर अपनी ओर खीचेंगे उस समय निर्मल मन और निर्मल सुरत सावधान होकर भोगों की तरंग और विचारों को हटा कर लगातार अपनी तवज्जह (attention) शब्द की ध्वनि में लगाकर ऊर्ध्वगामी होते जायेंगे ।

यद्यपि मन को शुद्ध करने के लिये यानि मन में से सांसारिक भोगों की इच्छाओं को हटाने अथवा कम करने के लिये कुछ समय तक चाव से निरन्तर अभ्यास करने की आवश्यकता है, फिर भी मनुष्य की कोई न कोई इन्द्रिय प्रबल बनी रहती है या काम, कोध, लोभ, मोह व अहंकार (जो काल के पाँच दूत कहलाते हैं) उनमें से कोई न कोई प्रबल रहता है जिसका वेग बहुत देर से घटता है। अत: इसके लिये सन्तों ने यह उपाय बताया है कि जब तक ऐसी हालत रहे (यानी जब तक भजन पूजन के समय काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार की तरंगें उठती रहें) तब तक अभ्यासी ध्यान पर अधिक जोर दे। यानी ध्यान अधिक देर तक करे और भजन थोड़ी देर करे। इसको इस तरह भी समझना चाहिये कि जितना ध्यान थोड़ी बहुत सफाई से बन पड़े उतना ही करे और अपने अभ्यास का शेष समय सुमिरन तथा ध्यान में लगावे ।

आन्तरिक अभ्यास में अभ्यासी अपने मन और सुरत को शब्द या प्रकाश की धार (जैसा जिसको सतगुरु ने बताया हो) जो ऊपर से नीचे को आती है उसके सहारे ऊपर को चढ़ता है। सांसारिक तरंगें उठती हैं तो शब्द या प्रकाश की धार उनके साथ मिलकर मन और सुरत को नीचे की ओर ढकेलने में सहायक होती हैं जिसके कारण अभ्यासी को अपनी सम्हाल रखना कठिन हो जाता है। किन्तु यदि ध्यान के अभ्यास में चाव और प्रेम है तो उसी के अनुसार मन और सुरत की धार हृदय के स्थान से उठ कर अपने प्रियतम परमेश्वर से मिलने तथा उसका दर्शन प्राप्त करने के लिये या उसके चरणों का स्पर्श करने के लिये ऊपर को चढ़ती है और उस स्थान पर पहुँचना चाहती है जहाँ पर ध्यान जमाया गया है। ऐसी स्थिति में दूसरी प्रकार की (यानी सांसारिक) चाहें पैदा होना नहीं बन पड़ता और न ही उसका झुकाव नीचे को होता है (जब तक स्वयं अभ्यासी ध्यान छोड़ कर दूसरा विचार न उठावे)। यदि वह ऐसा करेगा तो प्रियतम से मिलने का उसका ध्यान और चाव ठीक से कैसे बन पड़ेगा ।

सारांश यह है कि यदि कोई प्रबल इच्छा अभ्यासी के मन में भरी हुई है और वह सोई पड़ी है तो उसको शब्द या प्रकाश की धार जागृत अवस्था में ला देती है और ध्यान के समय परमेश्वर के प्रति चाव तथा प्रेम की धार जो अभ्यासी के हृदय से उठती है वह अन्य इच्छाओं की तरंगों को नहीं उठने देती। उन्हें दबाये और सुलाये रखती हैं। ईश्वर के प्रति जितना अधिक प्रेम होगा उतनी ही मात्रा में

अभ्यासी को सुगमता से ध्यान करने का अवसर मिलता है ।

दूसरे शब्दों में इसको यों समझ लेना चाहिये कि ध्यान में तबियत का लगना इस बात पर आधारित है कि अभ्यासी के मन में कितना चाव है और कितना उसे ईश्वर से प्रेम है। इसी प्रेम के सहारे वह विरोधी इच्छाओं का सामना कर सकता है क्योंकि भजन के समय विरोधी इच्छायें शीघ्र जागृत हो जाती हैं और अभ्यासी के मन और सुरत की धार को शीघ्र अधोमुखी बना देती हैं।

इससे यह बात भली-भाँति समझ लेनी चाहिये कि चाहे शब्द का अभ्यासी हो चाहे प्रकाश का, अन्दर की सफाई की बड़ी आवश्यकता हैं। जब तक अभ्यासी का मन मैला है यानी उसमें सांसारिक भोगों की, चाहों की मलीनता भरी हुई है तब तक ऊपर को चढ़ाई कठिनता से होती है। किन्तु यदि उसके मन में ईश्वर का प्रेम पैदा हो गया है और उसे ईश्वर से मिलने की सच्ची लगन लगी है तो ध्यान करते समय जब-जब भोगों की चाहें उठेगी तब-तब वही ईश्वरीय प्रेम प्रगट होकर उन मलीन चाहों को रास्ते से हटा देगा।

ईश्वर का प्रेम और उसके दर्शनों का चाव सूरत की चढ़ाई में अत्यन्त सहायक होता है। जब-जब प्रेम की धार अभ्यासी के हृदय से उठ कर ऊपर की ओर चलती है तब-तब वह, अभ्यासी के मन और सुरत की धार को (जो प्रेम की धार के साथ चलती है) निर्मल और शुद्ध करती हुई ऊपर की ओर खींचती है। सतगुरु की कृपा उस प्रेम की धार को शक्ति प्रदान करती है और दर्शनों के चाव को बढ़ाती है। जितनी-जितनी ईश्वर प्रेम और चाव की धार ऊपर को चढ़ती जाती है, उसी अनुपात में ऊँचे घाट का रस और आनन्द मिलता जाता है, शान्ति और शीतलता का अनुभव होने लगता है जिसके फलस्वरूप मलीन इच्छायें बलहीन होने लगती हैं। इस प्रकार अभ्यास दिन रात बढ़ता जाता है अर्थात् एक धाम से दूसरे और दूसरे से तीसरे तथा अगले धामों तक उन्नति करते-करते सतलोक तक पहुँच जाता है। यह सब ध्यान करने से ही होता है जिसमें अपनी की धार को गौण अंग करके आन्तरिक चक्रों के शिखर तक पहुँचा सकता है ।

-(अभ्यास में मन न लगने के कारण और उपाय से उधृत)

परमसंत डॉ. करतार सिंह जी साहब

पर दोष दर्शन मत करो, मत सुनो

पूज्य गुरु महाराज महात्मा श्रीकृष्ण लाल जी कहा करते थे कि अपनी त्रुटियों को देखो, स्वनिरीक्षण करो, अपने भीतर में झांको और अपनी कमजोरियों को देखो। दूसरों की कमजोरियों की तरफ आपकी नजर नहीं जानी चाहिये। इसके साथ उनका यह भी आदेश था कि यदि आज कोई व्यक्ति आपके किसी मित्र या अन्य की बुराई करता है तो कल वो दूसरी जगह जाकर आपकी भी निन्दा कर सकता है। जो साधक है यदि वह किसी की निन्दा सुनने में आनन्द लेता है तो उसका चित्त दूषित हो जाता है जिससे उसकी साधना में विघ्न पड़ जाता है। भूल कर भी ऐसा नहीं करना चाहिये। यदि कोई ऐसा करता है तो हमें वहाँ से उठ जाना चाहिये या अपने मनोबल से अपना ध्यान उन आरोपों से अलग कर लेना चाहिये, आप उसमें आनन्द मत लीजिये।

हमें भूल कर भी किसी के दोष नहीं देखने चाहिये, यदि देखते भी हैं तो ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिये कि हे प्रभु ! इस पर कृपा करें ताकि यह अपने दोषों से मुक्त हो जावे। हम दूसरे की स्तुति नहीं सुन सकते परन्तु हमें निन्दा सुनने में बड़ा आनन्द आता है। साधक को सावधान रहना चाहिये। उसे न किसी की निन्दा करनी चाहिये, न किसी की निन्दा सुननी चाहिये। किसी की निन्दा सुनने से अपने भीतर में एक नया संस्कार बन जाता है, हमारा चित्त दूषित हो जाता है, अशान्त हो जाता है। साधना का यह अर्थ नहीं कि हम सुबह 5–10 मिनट बैठ गए, नहीं तो नहीं बैठे। यदि हमारा सारे दिन का व्यवहार उस साधना के अनुसार नहीं है तो समझ लीजिये की हमारी वो साधना भी एक वृत्ति है, आपने अपना उद्धार करने का कोई विशेष कदम नहीं उठाया है।

हमारी साधना और हमारी दिनचर्या में समानता होनी चाहिए। साधना और सारा दिन हम जो दिनचर्या करते हैं हमें उसमें आनन्द आना चाहिये। हमारी इच्छा

के प्रतिकूल किसी ने कोई बात कह दी तो बस हमारी कई महीनों की साधना खत्म हो गयी एक क्षण में। इस भीतर के आनन्द की रक्षा करनी पड़ती है। इंद्रियों के जो विषय हैं, हमें उन पर संयम लाना चाहिये। मन को बुद्धि के आधीन करना चाहिए। बुद्धि को आत्मा से प्रेरणा लेनी चाहिये। हमारे जितने भी कर्म, विचार, शब्द हों, वे सब आत्ममय हों। इतना करते हुए भी ये हमारी आत्मिक कमाई खत्म कर देते हैं। हमारी इच्छाओं की पूर्ति नहीं होती, क्रोध आता है, सब कुछ खत्म हो जाता है। तो साधक को बड़ा सतर्क रहना चाहिये, अनुशासन में रहना चाहिये, संयम में रहना चाहिये। गुरु इसीलिए किया जाता है कि वह आपकी देखभाल करता रहे। किन्तु वह आपकी देखभाल तभी करेगा जब आप उसके आदेशों का पालन करेंगे।

"ढूंढता फिरता हूँ ऐ इकबाल अपने आपको,
आप ही गोया मुसाफिर, आप ही मंज़िल हूँ मैं"

खोज किसकी है ? किसी और की नहीं। अपनी ही।
पाना किसे है ? वह बाहर नहीं है, भीतर है। जिसे तलाश रहे हैं वह हमारा स्वभाव है। इसलिए यात्रा पदयात्रा नहीं, यात्रा आत्मयात्रा है। यात्रा किसी और तक पहुँचने की नहीं है, यात्रा अपने तक ही पहुँचने की है। जो मिला हुआ है, उसके प्रति जागना है। संपदा खोजनी नहीं है, सिर्फ आंख खोलनी है। –ओशो

जिसे आप समझना चाहते हैं, उसके साथ आपको बैठना तो पड़ेगा ना, तभी तो आप उसे समझ पाएंगें। तो खुद के साथ मौन में बैठना शुरू करें। –ओशो

जो लोग आपको सिर्फ काम के वक्त याद करते हैं उनके काम जरूर आओ, क्योंकि वो अंधेरों में रोशनी ढूंढते हैं और वो रोशनी आप हो।

परम पूज्य डॉ. शक्ति कुमार सक्सेना जी की प्रथम पुण्य तिथि पर विशेष

सौम्य व्यक्तित्व के धनी परम पूज्य शक्ति बाबू का यूं असमय जाना

17 अप्रैल 2020 वह निश्चित रूप से एक सामान्य दिन नहीं था। पूरे देश में कोविड–19 महामारी के कारण लॉकडाउन लगा हुआ था। लेकिन हमने अपनी जीवनचर्या को नई परिस्थितियों के अनुरूप शनैः शनैः ढाल लिया था। लॉकडाउन से पहले, पास के पार्क में प्रतिदिन प्रातः योग शिविर लगता था। मैं वहां जाया करता था। लेकिन वह सब बंद हो गया था और ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जा रही थीं। सो मैं सुबह 5 बजे उठ गया था और 5.30 बजे से जूम ऐप के माध्यम से योग कर रहा था। एक घंटे का सत्र समाप्त होने के बाद मैंने अपना व्हाट्सएप संदेश देखा। अनुराग भाई साहब का एक संदेश था कि पूज्य शक्ति बाबू अब नहीं रहे। यह निश्चित रूप से अविश्वसनीय था और मुझे लगा कि यह जरूर कुछ टाइपिंग मिस्टेक होगी। शायद वह पूज्य शक्ति बाबू के किसी रिश्तेदार के बारे में लिखना चाहते होंगे। मैंने समाचार को नजरअंदाज करने की कोशिश की। मैंने कुछ मिनट इंतजार किया कि अनुराग जी निश्चित रूप से स्पष्टीकरण भेजेंगे। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद बेचैन मन से मैंने उनको फोन किया। भरी हुई आवाज में उन्होंने कहा: ''आपने संदेश में जो पढ़ा है, वह सही है।''

अब ज्यादा कुछ नहीं कहना था। अनहोनी हो गई थी। इसके बाद इधर–उधर कई फोन किये। समझने का प्रयास किया कि ये सब कैसे हुआ। पर 8.30 बजे मालूम हुआ कि उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। यह सब एक सपने जैसा था, एक बुरा सपना। लेकिन ऐसा हुआ था। मन को यकीन नहीं हो रहा था। सबसे बड़ी विडम्बना यह थी कि लॉकडाउन होने के कारण ज्यादातर लोग उनके आवास पर जाने की स्थिति में नहीं थे। कुछ ही लोग उनके अंतिम दर्शन कर सके। अगले एक सप्ताह तक, कोई भी इस समाचार पर विश्वास करने की स्थिति में नहीं था। लेकिन धीरे–धीरे, हमारे पास इसे मानने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।

धीरे-धीरे एक वर्ष बीत गया। बीच में बहुत सारी अप्रत्याशित घटनाएं भी हुईं। अब परिस्थितियां पूरी तरह से बदल गई हैं। उनकी कृपा से, कोविड-19 से जनित प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सत्संग की गतिविधियाँ सामान्य हो चुकी हैं। नवम्बर 2020 में 'आपका भवन', ग़ाज़ियाबाद में, नवनियुक्त अध्यक्ष, परम श्रद्धेय श्री उमाकांत प्रसाद जी के नेतृत्व में, भंडारा आयोजित होने के साथ ही गतिविधियाँ प्रारंभ हुईं। अब देश के विभिन्न हिस्सों से नियमित सत्संग आयोजित होने की खबरें आ रही हैं। बसंत पंचमी के अवसर पर वाराणसी में भंडारा आयोजित हुआ। लेकिन पूज्य शक्ति बाबू का शून्य नहीं भरा जा सकता। देश भर में रामाश्रम सत्संग (ग़ाज़ियाबाद) के संदेश को फैलाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। अपनी व्यक्तिगत व्यस्तताओं के बावजूद, उन्होंने न केवल आध्यात्मिक विकास में सत्संगियों की मदद की बल्कि उनकी सांसारिक समस्याओं को भी हल करने का यथासंभव प्रयास किया।

मुझे स्मरण है 1980-81 के आसपास जब पहली बार उनसे मिलना हुआ था। उस समय मैं काफी छोटा था। जमशेदपुर भंडारे में वह किसी से कह रहे थे है कि ये हमारे सिलसिले के बुजुर्गों का ही आशीर्वाद है जो भंडारे जैसे वृहत कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक हो जाता है। वह स्वभाव से बहुत ही विनम्र थे। ऐसा लगता था कि उन्होंने पूज्य गुरुदेव डॉ. करतार सिंह जी के उस वचन को पूर्णरूपेण आत्मसात कर लिया था जिसमे उन्होंने कहा था ''अहंकार से प्रभु नहीं मिलते, चाहे कोई भी साधन करिए, दीनता को तो अपनाना ही होगा।'' भंडारों के दौरान, अक्सर उन्हें रसोई में व्यवस्थाओं को देखते हुए पाया जाता था ताकि सत्संगियों को समय पर स्वादिष्ट एवं और पर्याप्त मात्रा में भोजन सुलभ हो सके।

एक उच्च स्तर के अनुशासित व्यक्ति एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी पूज्य शक्ति बाबू करुणा से भरे हुए थे और सत्संगियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। यदि किसी को चिकित्सकीय सलाह की आवश्यकता होती थी तो वह उन्हें शास्त्रीनगर (ग़ाज़ियाबाद) में सत्संग में ही आने को कहते थे, जहाँ सत्संग के बाद उनसे चर्चा करते थे। दैनिक सत्संग के बाद सत्संग स्थल के पास दुकानदार द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कागज के लिफाफे पर दवाइयों का नाम लिखते हुए उनकी छवि आज भी हम सबके दिमाग में ताजा है। वह सत्संगियों की समस्याओं को बड़े धैर्य से सुनते थे और अपना बहुमूल्य परामर्श देते थे। वैसे कई सत्संगी उनके नवयुग मार्केट स्थित क्लिनिक में भी चिकित्सकीय परामर्श के लिए आते थे।

जब से 2012 में पूज्य गुरुदेव डॉ. करतार सिंह जी परम धाम को सिधारे, पूज्य शक्ति बाबू ने देश भर में सत्संग का संदेश फैलाने के लिए विभिन्न केंद्रों का भ्रमण करना शुरू कर दिया। धीरे–धीरे ये आवृत्ति बढ़ी और लगभग हर महीने ग़ाज़ियाबाद के बाहर अन्य शहर में एक सत्संग होने लगा।

कई अवसरों पर, वह सत्संगियों से प्रेम के रास्ते पर चलने की अपील करते थे। वह कहते थे परिवार के सदस्यों के बीच आपस में प्रेम का सम्बन्ध होना चाहिए। उनके अनुसार, अगर परिवार में ही प्यार नहीं है, तो शांति नहीं होगी, जो आध्यात्मिक विकास की पहली सीढ़ी है।

उन्होंने हमेशा आध्यात्मिक साधना और सांसारिक मामलों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वह सत्संगियों को सांसारिक मामलों में भी व्यावहारिक बनाना कहते थे । एक बार यह पूछे जाने पर कि कोई व्यक्ति शाम की संध्या पर कैसे बैठ सकता है यदि वह कार्यालय से घर देर से पहुँचता है, तो उन्होंने कहा: ''आप जहाँ भी हैं, वहीं से पूज्य गुरुदेव को याद करें, यही पूजा है।'' उन्होंने यहां तक कहा कि संध्या का समय दुनियावी दिनचर्या के आधार पर तय किया जा सकता है। लेकिन, उन्होंने कहा कि इसमें स्थिरता होनी चाहिए। जो भी समय संध्या के लिए निश्चित किया है, उस पर अडिग रहना चाहिए। वह कहते थे कि सत्संगियों को नियमित रूप से अपने–अपने सेंटरों पर साप्ताहिक सत्संग में निश्चित रूप से शामिल होना चाहिए। उनका मानना था कि जब तक हम सत्संग में नियमित नहीं होंगे तब तक हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती है।

रामाश्रम सत्संग के आचार्य एवं अध्यक्ष के रूप में अत्यंत ही अल्प समय में उन्होंने सत्संगियों के दिल में अपने लिए एक अलग जगह बना ली। वह सत्संगियों के अति प्रिय थे। एक सत्संगी के शब्दों में: 'वह हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गए थे। किसी भी समस्या के लिए हम उनसे बात करते थे और वह समाधान प्रस्तुत कर देते थे।' उनका इस तरह असमय जाना सत्संग एवं समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

उनके प्रथम निर्वाण दिवस पर हम उनके प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम प्रतिज्ञा करें कि हम अपने गुरु तथा रामाश्रम सत्संग के अन्य बुजुर्गों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

ॐ शांति। *–नवतन कुमार (ग़ाज़ियाबाद)*

लघु कथा

गृहस्थ आश्रम की महिमा

पुत्र प्राप्ति कामना से भगवान् व्यास ने भगवान् शंकर की उपासना की, जिसके फलस्वरूप उन्हें शुकदेवजी पुत्र रूप में प्राप्त हुए। व्यासजी ने शुकदेव जी के जातकर्म, यज्ञोपवीत आदि सभी संस्कार सम्पन्न किये। गुरुकुल में रहकर शुकदेवजी ने शीघ्र ही सम्पूर्ण वेदों एवं अखिल धर्मशास्त्रों में अद्‌भुत पाण्डित्य प्राप्त कर लिया। गुरुगृह से लौटने के बाद व्यासजी ने पुत्र का प्रसन्नतापूर्वक स्वागत किया। उन्होंने शुकदेवजी से कहा–'पुत्र! तुम बड़े बुद्धिमान् हो। तुमने वेद और धर्मशास्त्र पढ़ लिये। अब अपना विवाह कर लो और गृहस्थ बनकर देवताओं तथा पितरों का यजन करो।

शुकदेवजी ने कहा–'पिताजी। गृहस्थाश्रम सदा कष्ट देनेवाला है। महाभाग। मैं आपका औरस पुत्र हूँ। आप मुझे इस अन्धकारपूर्ण संसार में क्यों ढकेल रहे हैं? स्त्री, पुत्र, पौत्रादि सभी परिजन दुःख पूर्ति के ही साधन है। इनमें सुख की कल्पना करना भ्रम मात्र है। जिसके प्रभाव से अविद्याजन्य कर्मो का अभाव हो जाये, आप मुझे उसी ज्ञान का उपदेश करें।

व्यासजी ने कहा–'पुत्र! तुम बड़े भाग्यशाली हो। मैंने देवी भागवत की रचना की है। तुम इसका अध्ययन करो। सर्वप्रथम आधे श्लोक में इस पुराण का ज्ञान भगवती पराशक्ति ने भगवान् विष्णु को देते हुए कहा है–'यह सारा जगत् मैं ही हूँ, मेरे सिवा दूसरी कोई अविनाशी वस्तु है ही नहीं।' भगवान् विष्णु से यह ज्ञान ब्रह्माजी को मिला और ब्रह्माजी ने इसे नारदजी को बताया तथा नारदजी से यह मुझे प्राप्त हुआ। फिर मैंने इसकी बारह स्कन्धों में व्याख्या की। महाभाग! तुम इस वेदतुल्य देवी भागवत का अध्ययन करो। इससे तुम संसार में रहते हुए माया से अप्रभावित रहोगे।'

व्यासजी के उपदेश के बाद भी जब शुकदेवजी को शान्ति नहीं मिली, तब उन्होंने कहा– 'बेटा! तुम जनकजी के पास मिथिलापुरी में जाओ। वे जीवन मुक्त

ब्रह्मज्ञानी हैं। वहाँ तुम्हारा अज्ञान दूर हो जायगा। तद्नन्तर तुम यहाँ लौट आना और सुखपूर्वक मेरे आश्रम में निवास करना। व्यासजी के आदेश से शुकदेवजी मिथिला पहुँचे। वहाँ द्वारपाल ने उन्हें रोक दिया, तथा काठ की भाँति मुनि वहीं खड़े हो गये। उनके ऊपर मान–अपमान का कोई असर नहीं पड़ा। कुछ समय बाद राजमन्त्री उन्हें विलास भवन में ले गये। वहाँ शुकदेवजी का विधिवत् आतिथ्य सत्कार किया गया, किन्तु शुकदेवजी का मन वहाँ भी विकार शून्य बना रहा। अन्त में उन्हें महाराज जनक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। महाराज जनक ने उनका आतिथ्य सत्कार करने के बाद पूछा– 'महाभाग! आप बड़े निःस्पृह महात्मा हैं। किस कार्य से आप यहाँ पधारे हैं, बताने की कृपा करें।'

शुकदेवजी बोले– 'राजन्! मेरे पिता व्यासजी ने मुझे विवाह करके गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने की आज्ञा दी है। मैंने उसे बन्धनकारक समझकर अस्वीकार कर दिया। मैं संसार–बन्धन से मुक्त होना चाहता हूँ। आप मेरा मार्गदर्शन करने की कृपा करें'।

महाराज जनक ने कहा–'परंतप! मनुष्यों को बंधन में डालने और मुक्त करने में केवल मन ही कारण है। विषयी मन बन्धन और निर्विषयी मन मुक्ति का प्रदाता है। अविद्या के कारण ही जीव और ब्रह्म में भेदबुद्धि की प्रतीति होती है। महाभाग, अविद्या विद्या अर्थात् ब्रह्मज्ञान से शान्त होती है। यह देह मेरी है, यही बन्धन है और यह देह मेरी नहीं है, यही मुक्ति है। बन्धन शरीर और घर में नहीं है, अहंता और ममता में है।'

जनकजीके उपदेश से शुकदेवजी की सारी शंकाएँ नष्ट हो गयीं वे पिता के आश्रम में लौट आये। फिर उन्होंने पितरों की सुन्दरी कन्या पीवरी से विवाह करके गृहस्थाश्रम के नियमों का पालन किया, तद्नन्तर संन्यास लेकर मुक्ति प्राप्त किया।

–(साभार: गीता प्रेस, गोरखपुर)

सूफ़ी कहानी

ध्यान

एक फ़कीर एक वृक्ष के नीचे ध्यान करते थे। वो रोज एक लकड़हारे को लकड़ी काट कर ले जाते देखते थे। एक दिन उन्होंने लकड़हारे से कहा कि सुन भाई, दिन-भर लकड़ी काटता है, दो जून रोटी भी नहीं जुट पाती। तू जरा आगे क्यों नहीं जाता, वहां आगे चंदन का जंगल है। एक दिन काट लेगा, सात दिन के खाने के लिए काफ़ी हो जाएगा।

गरीब लकड़हारे को विश्वास नहीं हुआ, क्योंकि वह तो सोचता था कि जंगल को जितना वह जानता है और कौन जानता है! जंगल में लकड़ियां काटते-काटते ही तो जिंदगी बीती। यह फ़कीर यहां बैठा रहता है वृक्ष के नीचे, इसको क्या खाक पता होगा? मानने का मन तो न हुआ, लेकिन फिर सोचा कि हर्ज क्या है, कौन जाने ठीक ही कहता हो ! फिर झूठ कहेगा भी क्यों? शांत आदमी मालूम पड़ता है, मस्त आदमी मालूम पड़ता है। कभी बोला भी नहीं इसके पहले। एक बार प्रयोग करके देख लेना जरूरी है।

फ़कीर की बातों पर विश्वास कर वह आगे गया। लौटा तो फ़कीर के चरणों में सिर रखा और कहा कि मुझे क्षमा करना, मेरे मन में बड़ा संदेह आया था, क्योंकि मैं तो सोचता था कि मुझसे ज्यादा लकड़ियां कौन जानता है। मगर मुझे चंदन की पहचान ही न थी। मेरा बाप भी लकड़हारा था, उसका बाप भी लकड़हारा था। हम यही जलाऊ-लकड़ियां काटते-काटते जिंदगी बिताते रहे, हमें चंदन का पता भी क्या, चंदन की पहचान क्या! हमें तो चंदन मिल भी जाता तो भी हम काटकर बेच आते उसे बाजार में ऐसे ही। तुमने पहचान बताई, तुमने गंध जतलाई, तुमने परख दी। मैं भी कैसा अभागा! काश, पहले पता चल जाता! फ़कीर ने कहा कोई फ़िक्र न करो, जब पता चला तभी जल्दी है। जब जागा तभी सबेरा है। दिन बड़े मजे में कटने लगे। एक दिन काट लेता, सात-आठ दिन, दस दिन जंगल आने की जरूरत ही न रहती। एक दिन फ़कीर ने कहा ''मेरे भाई, मैं सोचता था कि तुम्हें कुछ अक्ल आएगी। जिंदगी भर तुम लकड़ियां काटते रहे, आगे न गए, तुम्हें कभी यह सवाल नहीं उठा

कि इस चंदन के आगे भी कुछ हो सकता है?'' उसने कहा, ''यह तो मुझे सवाल ही न आया। क्या चंदन के आगे भी कुछ है?''

उस फकीर ने कहा, ''चंदन के जरा आगे जाओ तो वहां चांदी की खदान है। लकड़ियाँ–वकड़ियाँ काटना छोड़ो। एक दिन ले आओगे, दो–चार–छः महीने के लिए हो गया।'' अब तो वह फ़कीर पर भरोसा करने लगा था। बिना संदेह किये भागा। चांदी पर हाथ लग गए, तो कहना ही क्या! चांदी ही चांदी थी! चार–छः महीने नदारद हो जाता। एक दिन आ जाता, फिर नदारद हो जाता।

लेकिन आदमी का मन ऐसा मूढ़ है कि फिर भी उसे ख्याल न आया कि और आगे कुछ हो सकता है। फ़कीर ने एक दिन कहा कि तुम कभी जागोगे कि नहीं, कि मुझे ही तुम्हें जगाना पड़ेगा। आगे सोने की खदान है मूर्ख! तुझे खुद अपनी तरफ से सवाल, जिज्ञासा, मुमुक्षा कुछ नहीं उठती कि जरा और आगे देख लूं? अब छह महीने मस्त पड़ा रहता है, घर में कुछ काम भी नहीं है, फुरसत है। जरा जंगल में आगे देखकर देखूं यह खयाल में नहीं आता?

उसने कहा कि मैं भी मंदभागी, मुझे यह ख्याल ही न आया, मैं तो समझा चांदी, बस आखिरी बात हो गई, अब और क्या होगा? गरीब ने सोना तो कभी देखा न था, सुना था। फ़कीर ने कहा, थोड़ा और आगे सोने की खदान है। और ऐसे कहानी चलती है। फिर और आगे हीरों की खदान है। और ऐसे कहानी चलती है। और एक दिन फ़कीर ने कहा कि नासमझ, अब तू हीरों पर ही रुक गया? अब तो उस लकड़हारे को भी बड़ी अकड़ आ गई, बड़ा धनी भी हो गया था, महल खड़े कर लिए थे। उसने कहा अब छोड़ो, अब तुम मुझे परेशान न करो। अब हीरों के आगे क्या हो सकता है?

उस फ़कीर ने कहा, हीरों के आगे मैं हूं। तुझे यह कभी ख्याल नहीं आया कि यह आदमी मस्त यहां बैठा है, जिसे पता है हीरों की खदान का, वह हीरे नहीं भर रहा है, इसको जरूर कुछ और आगे मिल गया होगा! हीरों से भी आगे इसके पास कुछ होगा, तुझे कभी यह सवाल नहीं उठा?

वह आदमी रोने लगा। फ़कीर के चरणों में सिर पटक दिया। कहा कि मैं कैसा मूढ़ हूं, मुझे यह सवाल ही नहीं आता। तुम जब बताते हो, तब मुझे याद आता है। यह

ख्याल तो मेरे जन्मों-जन्मों में नहीं आ सकता था कि तुम्हारे पास हीरों से भी बड़ा कोई धन है। फ़कीर ने कहा, उसी धन का नाम ध्यान है। अब खूब तेरे पास धन है, अब धन की कोई जरूरत नहीं। अब जरा अपने भीतर की खदान खोद, जो सबसे आगे है।

यही मैं तुमसे कहता हूं, और आगे, और आगे। चलते ही जाना है। उस समय तक मत रुकना जब तक कि सारे अनुभव शांत न हो जाएं। परमात्मा का अनुभव भी जब तक होता रहे, समझना दुई मौजूद है, द्वैत मौजूद है, देखनेवाला और दृश्य मौजूद है। जब वह अनुभव भी चला जाता है तब निर्विकल्प समाधि। तब न दृश्य ही बचा, न द्रष्टा बचा, कोई भी नहीं बचा। एक सन्नाटा है, एक शून्य है। और उस शून्य में जलता है बोध का दीया। बस बोधमात्र, चिन्मात्र ! वही परम है। वही परम-दशा है, वही समाधि है।

-(पंकज गोयल)

जब परमात्मा अपनी रज़ा से कुछ देता है तो वो हमारी सोच से परे होता है। हमें हमेशा उसकी रज़ा में रहना चाहिए। क्या पता वो हमें पूरा समुन्दर देना चाहता हो और हम चम्च लेकर खड़े हों।

ऐ मेरे मालिक
चरण में रखना, शरण में रखना
हरदम तेरी ही लगन में रखना
सुख के उजाले हों, दुख के अंधेरे
जो भी हो हरदम मगन में रखना
सांसों की माला, सिमरन के मोती
मन नहीं भटके, जपन में रखना
पलकें जो मूंदूं, तेरे हो दर्शन
हरदम इसी तड़पन में रखना

The Ego and the Dualities

If all is in truth Sachchidananda, death, suffering, evil, limitation can only be the creations, positive in practical effect, negative in essence, of a distorting consciousness which has fallen from the total and unifying knowledge of itself into some error of division and partial experience. This is the fall of man typified in the poetic parable of the Hebrew Genesis. That fall is his deviation from the full and pure acceptance of God and himself, or rather of God in himself, into a dividing consciousness which brings with it all the train of the dualities, life and death, good and evil, joy and pain, completeness and want, the fruit of a divided being. This is the fruit which Adam and Eve, *Purusha* and *Prakriti*, the soul tempted by Nature, have eaten. The redemption comes by the recovery of the universal in the individual and of the spiritual term in the physical consciousness. Then alone the soul in Nature can be allowed to partake of the fruit of the tree of life and be as the Divine and live for ever. For then only can the purpose of its descent into material consciousness be accomplished, when the knowledge of good and evil, joy and suffering, life and death has been accomplished through the recovery by the human soul of a higher knowledge which reconciles and identifies these opposites in the universal and transforms their divisions into the image of the divine Unity.

To Sachchidananda extended in all things in widest commonalty and impartial universality, death, suffering, evil and limitation can only be at the most reverse terms, shadow-forms of their luminous opposites. As these things are felt by us, they are notes of a discord. They formulate separation where there should be a unity, miscomprehension where there should be an understanding, an attempt to arrive at independent harmonies where there should be a self-adaptation to the orchestral whole. All totality, even if it be only in one scheme of the universal vibrations, even if it be only a totality of the physical consciousness without possession of all that is in movement beyond and behind, must be to that extent a reversion to harmony and a reconciliation of jarring opposites. On the other hand, to Sachchidananda transcendent of the forms of the universe the dual terms themselves, even so understood, can no longer be justly applicable. Transcendence transfigures; it does not reconcile, but rather transmutes opposites into something surpassing them that effaces their oppositions.

